a2zsubjects.com a2zsubjects.com

विषय : सामाजिक विज्ञान Set-C

नोट: सभी प्रश्न हल कीजिए।

निर्देश : प्रश्न क्रमांक 1 में दो खण्ड हैं। खण्ड (अ) बहुविकल्पीय प्रश्न है एवं खण्ड (ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक आवंटित है।

1. (खण्ड-अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए :

(*i*) 'औद्योगिक क्रांति' शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम किसने किया था ?

(*अ*) एंजिल्स (*ब*) ब्लैंकुई

(*स*) कार्ल मार्क्स (*द*) रॉबर्ट ओवन

(*ii*) भारत की सबसे प्राचीन विरासत है :

(*अ*) वैदिक सभ्यता (*ब*) उत्तर वैदिक सभ्यता

(*स*) सिंधु घाटी सभ्यता (*द*) महाजनपद कालीन सभ्यता

(*iii*) भारतीय शासकीय सेवा में पिछड़े वर्ग के लिए कितने प्रतिशत आरक्षण है ?

(*अ*) 22% (*ब*) 27%

(*स*) 36% (*द*) 17%

(*iv*) भारत की अर्थव्यवस्था किस प्रकार की है ?

(*अ*) पूँजीवादी (*ब*) मिश्रित

(*स*) समाजवादी (*द*) इनमें से कोई नहीं

(*v*) जनसंख्या की दृष्टि से विश्व में भारत का स्थान है :

(*अ*) प्रथम (*ब*) द्वितीय

(*स*) तृतीय (*द*) पंचम

(खण्ड-ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

(*i*) संयुक्त राष्ट्र संघ का मुख्यालय............में स्थित है।

(*ii*) घरेलू हिंसा अधिनियम, वर्ष...........में लागू हुआ।

(*iii*) वस्तुओं तथा सेवाओं की माँग व आपूर्ति के बीच का अंतर.......कहलाता है।

(*iv*) किसी क्षेत्र में प्रति वर्ष प्रति हजार जनसंख्या पर जीवित नवजात बच्चों की संख्या को.......कहते हैं।

(*v*) कृषि एवं उद्योग एक दूसर के........हैं।

***निर्देश* :** प्रश्न क्रमांक 2 से 9 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 2 आवंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 30 शब्द है)

2. औद्योगिक क्रांति से आपका क्या अभिप्राय है ?
3. 'दक्षेस' (सार्क) का पूरा नाम क्या है ?
4. भारत में प्रमुख महाकाव्य कौन-कौन से हैं ?
5. मध्यकाल में किस भाषा को दरबारी भाषा का स्थान मिला ?
6. श्रम कल्याण से क्या तात्पर्य है ?
7. उपभोक्ता की बचत सिद्धांत को वैज्ञानिक स्वरूप किसने प्रदान किया ?
8. प्रादेशिक श्रम-विभाजन से आप क्या समझते हैं ?
9. छत्तीसगढ़ विधान सभा में कितने सदस्य हैं ?

***निर्देश* :** प्रश्न क्रमांक 10 से 15 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आवंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 50 शब्द है)

a2zsubjects.com a2zsubjects.com

a2zsubjects.com a2zsubjects.com

10. शीत युद्ध के कारणों पर प्रकाश डालिए। (कोई *तीन*)
11. भारतीय संस्कृति की कोई **तीन** विशेषताएँ लिखिए।
12. लोक सभा सदस्य की **तीन** योग्यताएँ लिखिए।
13. उपभोक्ता बचत के किन्हीं **तीन** महत्व पर प्रकाश डालिए।
14. भारत में जनसंख्या वृद्धि के **तीन** कारणों का उल्लेख कीजिए।
15. श्रम-विभाजन से उत्पादकों को क्या लाभ होता है ? लिखिए। (कोई **तीन**)

***निर्देश* :** प्रश्न क्रमांक 16 से 21 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आवंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 75 शब्द है)

16. नाजीवाद के किन्हीं **चार** लक्षणों का उल्लेख कीजिए।

अथवा

जापान में राष्ट्रवाद के उत्कर्ष के कोई **चार** कारण लिखिए।

17. संयुक्त राष्ट्र संघ की किन्हीं **चार** सफलताओं का वर्णन कीजिए।

अथवा

संयुक्त राष्ट्र संघ के मुख्य उद्देश्य लिखिए।

18. स्वतंत्रता **के बाद महिला सशक्तीकरण** हेतु छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित किन्हीं **चार** योजनाओं की विवेचना कीजिए।

अथवा

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 को समझाते हुए उसे लागू करने के उद्देश्य बताइए।

19. भारत में मूल्य वृद्धि के कोई **चार** कारण लिखिए।

अथवा

बेरोजगारी निवारण के लिए सरकार द्वारा चलाए जा रहे किन्हीं **चार** कार्यक्रमों का वर्णन कीजिए।

20. हरित क्रांति किसे कहते हैं ? इसकी विशेषताएँ लिखिए।

अथवा

खरीफ एवं रबी की फसल में कोई **चार** अंतर लिखिए।

21. निर्माण उद्योग को प्रभावित करने वाले किन्हीं **चार** कारकों का वर्णन कीजिए।

अथवा

भिलाई में इस्पात संयंत्र के स्थानीयकरण के कारण लिखिए।

***निर्देश* :** प्रश्न क्रमांक 22 से 25 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आवंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 100 शब्द है)

22. भारत के मानचित्र में निम्नलिखित को प्रदर्शित कीजिए :

(*a*) चिल्का झील (*b*) दिल्ली

(*c*) शिवालिक श्रेणी (*d*) छोटा नागपुर का पठार

(*e*) ताप्ती नदी

अथवा

भारत के मानचित्र में निम्नलिखित को प्रदर्शित कीजिए :

(*a*) मन्नार की खाड़ी (*b*) महानदी

a2zsubjects.com a2zsubjects.com

a2zsubjects.com a2zsubjects.com a2zsubjects.com a2zsubjects.com

a2zsubjects.com a2zsubjects.com

(*c*) थार का मरुस्थल (*d*) कान्हा किसली

(*e*) नीलगिरि पर्वत

23. "एशिया और अफ्रीका में साम्राज्यवाद के विकास की अनुकूल परिस्थितियाँ थीं। समझाइए।

अथवा

साम्राज्यवाद के **पाँच** सकारात्मक प्रभावों का वर्णन कीजिए।

24. "लोक सभा, राज्य सभा से अधिक शक्तिशाली है।" समझाइए।

अथवा

ग्राम पंचायत के कार्यों को लिखिए।

25. तापीय विद्युत और जल विद्युत में अंतर लिखिए। (कोई ***पाँच***)

अथवा

ऊर्जा के किन्हीं **पाँच** गैर-परंपरागत साधनों को समझाइए।

निर्देश : प्रश्न क्रमांक 26 एवं 27 दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 150 शब्द है)

26. मृदा के किन्हीं छः प्रकारों का वर्णन कीजिए।

अथवा

वनों से क्या-क्या लाभ होते हैं ? समझाइए।

27. द्वितीय विश्व युद्ध के परिणामों को छः बिन्दुओं में समझाइए।

अथवा

जर्मनी में नाजीवाद के उदय के क्या कारण थे ? इन्हें छः बिन्दुओं में उल्लेख कीजिए।

a2zsubjects.com a2zsubjects.com a2zsubjects.com a2zsubjects.com

a2zsubjects.com a2zsubjects.com